Dainik Jagran - New delhi- 30-01-2011

डीटीयू में मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग में भी इस साल से बीटेक

नई दिल्ली, जासं: दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय (पूर्व में दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग) से अब देश-विदेश के छात्र एक नई शाखा में बीटेक (बैचलर इन टेक्नोलॉजी) कर सकेंगे। इस नई शाखा का नाम है मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग। इसमें कुल 60 सीटें होंगी। डीटीयू के कुलपति प्रो. पीबी शर्मा ने बताया कि इस नई शाखा की शुरुआत इसी सत्र यानी 2011-12 के सत्र से किया जा रहा है। इस साल में छात्रों का दाखिला हो सकेगा। डीटीयू में पहले से ही 15 अलग-अलग शाखाओं में बीटेक की सुविधा है। अब यह नई शाखा जुड़ जाने से इनकी कुल संख्या 16 हो जाएगी।

प्रो. शर्मा ने बताया कि संस्थान के कॉलेज से विश्वविद्यालय बनने के बाद बहुत सी चीजों पर ध्यान दिया जा रहा है। जिसमें इंजीनियरिंग में भी शाखाओं को बढ़ाने पर ध्यान है। कुलपति प्रो. शर्मा ने बताया कि इसके अलावा डीटीयू में बीटेक-एमबीए का पांच साल का इंटीग्रेटेड कोर्स भी शुरू किया जा रहा है।